
**आकर्षक झांकियां** | गणपति उत्सव में नजर आ रही रचनात्मकता, ग्रामीण परिवेश से पर्यावरण तक पहुंची झांकियों की थीम, शाम होते ही रोशनी से जगमग हो रहे पंडाल व सड़कें


गोरखपुर में केदारनाथ की तर्ज पर सजा दरबार


सदर काली मंदिर के पास पर्यावरण संरक्षण धाम में प्रकृति का संदेश


सिद्ध गणेश उत्सव समिति गली नंबर 9 सदर, कमल पर विराजे गणपति


श्री गणेश सेवा मंडल समिति, सदर गली नंबर-4 में आजाद चौक के राजा का दरबार

# कहीं केदारनाथ धाम तो कहीं पर्यावरण संरक्षण की झांकियों ने किया आकर्षित

**नवभारत , जबलपुर ।** गणेश उत्सव के साथ शहर में सजी झांकियां इस बार सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि अलग-अलग कल्पनाओं और संदेशों की झलक भी दे रही हैं। कहीं गांव का परिवेश साकार किया गया है, कहीं कमल पर गणपति विराजे हैं तो कहीं 'पर्यावरण संरक्षण धाम' के जरिए प्रकृति बचाने का संदेश दिया जा रहा है। वहीं गोरखपुर में श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति ने केदारनाथ की तर्ज पर झांकी तैयार कर भक्ति का अलग ही दृश्य रचा है। शाम होते ही रोशनी से सजे पंडालों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ रही है।


सदर कैंट बोर्ड, मोतीराम कंपाउंड तालाब के सामने श्री सेवा गणेश उत्सव समिति - गांव के परिवेश में विराजे गणपति।


मालवीय चौक

गोरखपुर स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति की ओर से इस बार केदारनाथ की तर्ज पर झांकी तैयार की गई है। झांकी में पहाड़ी परिवेश और बाबा केदारनाथ की भक्ति का दृश्य उकेरने का प्रयास किया गया है। इसका खास आकर्षण भगवान गणेश की वह प्रतिमा है, जिसमें वे स्वयं भगवान शिव के शिवलिंग पर जल अर्पित करते हुए नजर आ रहे हैं। गणेश जी के हाथों से महादेव का जलाभिषेक करते इस दृश्य को श्रद्धा और भक्ति के भाव से सजाया गया है। केदारनाथ जैसे परिवेश के बीच यह दृश्य श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रहा है।

### गांव के परिवेश में विराजे गणपति

सदर कैंट बोर्ड, मोतीराम कंपाउंड तालाब के सामने श्री सेवा गणेश उत्सव समिति (खमताल, सदर) की ओर से इस बार गांव की थीम पर झांकी तैयार की गई है। इसमें ग्रामीण परिवेश और प्रकृति को करीब से दिखाने का प्रयास किया गया है। झांकी तैयार करने में करीब 15 से 20 दिन लगे। ग्रामीण जीवन से जुड़े दृश्य और प्राकृतिक सजावट इसे अलग पहचान दे रहे हैं।

### झांकियों में दिखा बप्पा का अलग अंदाज

गली नंबर-9 में सिद्ध गणेश उत्सव समिति ने भगवान गणेश को कमल पर विराजमान कर झांकी को आकर्षक रूप दिया है। कमल की आकृति के बीच सजे गणपति और रोशनी से की गई सजावट श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही है। वहीं सदर गली नंबर-4, आजाद चौक में श्री गणेश सेवा मंडल ने 'आजाद चौक के राजा' की झांकी सजाई है। गणपति प्रतिमा के साथ की गई रोशनी और सजावट शाम के समय पंडाल की रौनक बढ़ा रही है। इसके अलावा सदर काली मंदिर के पास 'पर्यावरण संरक्षण धाम' थीम पर तैयार झांकी में प्रकृति, पेड़-पौधों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश सामने रखा गया है। अलग-अलग थीम के जरिए समितियों ने भक्ति के साथ अपनी रचनात्मकता और सामाजिक संदेश को भी झांकियों का हिस्सा बनाया है।

#### लगी कई दिनों की मेहनत

गणेश उत्सव शुरू होने से कई दिन पहले ही शहर की समितियां झांकियों को तैयार करने में जुट गई थीं। किसी ने थीम के हिसाब से पूरा परिवेश तैयार किया तो किसी ने सजावट और लाइटिंग के जरिए झांकी को अलग रूप दिया। प्रतिमा के आसपास की सजावट से लेकर छोटी-छोटी चीजों को आकार देने में समिति के सदस्यों और युवाओं ने लगातार मेहनत की। कहीं प्राकृतिक सामग्री से माहौल बनाया गया तो कहीं धार्मिक और सामाजिक संदेशों को झांकी का हिस्सा बनाया गया।

### एक नजर में

#### श्री नृसिंह मंदिर सिद्धघाट में विमानोत्सव आज



**नवभारत, जबलपुर।** श्री नृसिंह मंदिर सिद्धघाट, कुलोन, शाहपुरा में मंगलवार 22 सितंबर को श्री विमानोत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्रीमद् जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। विमानोत्सव के तहत सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूजन-अर्चन एवं अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से विशाल विमान यात्रा एवं जल विहार का आयोजन होगा। धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान के विमान को भव्य रूप से सजाकर यात्रा निकाली जाएगी। विमानोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस पावन अवसर पर श्री नृसिंह मंदिर सिद्धघाट भक्त परिवार की ओर से सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में उपस्थित होकर भगवान के दर्शन एवं धार्मिक कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।

## जबलपुर, कटनी, रीवा और सतना से घर आरोग्यम कार्यक्रम का आगाज

**नवभारत, जबलपुर।** स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी, समय पर उचित सलाह और परिवार की स्वास्थ्य जरूरतों के लिए भरोसेमंद मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की दिशा में एक नई पहल 'घर आरोग्यम कार्यक्रम का सोमवार को ग्रैंड समदड़िया होटल, जबलपुर में किया गया। अभिषेक बेहरे एवं प्रिया बेहरे द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम इस सोच के साथ तैयार किया गया है कि स्वास्थ्य देखभाल केवल बीमारी के समय अस्पताल जाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। और सही समय पर मिली सही जानकारी और सलाह लोगों को अपने स्वास्थ्य के संबंध में बेहतर निर्णय लेने में सहायता कर सकती है। जानकारी के अनुसार जबलपुर,



कटनी, रीवा और सतना से इस कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है तथा अतिशीघ्र पूरे देश में विस्तार देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छोटे और मध्यम शहरों के परिवारों तक स्वास्थ्य संबंधी सही मार्गदर्शन को अधिक सहजता से पहुंचाना है।

#### क्या है 'घर आरोग्यम कार्यक्रम' ?

'घर आरोग्यम कार्यक्रम' एक फोन-आधारित स्वास्थ्य मार्गदर्शन पहल है, जिसके माध्यम से लोगों को उनकी रोजमर्रा की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं में सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख क्षेत्रों में सारथी स्वास्थ्य परामर्श एवं मार्गदर्शन, सरल प्रिस्क्रिप्शन और दवाओं को समझने में सहायता, पोषण खान-पान एवं पोषण संबंधी परामर्श, उमंग मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्लिनिकल काउंसलिंग शामिल है। घर आरोग्यम कार्यक्रम' का उद्देश्य परिवारों के बीच स्वास्थ्य संबंधी सहयोग और मार्गदर्शन का एक अतिरिक्त माध्यम उपलब्ध कराना है, ताकि दूर रहने वाले बच्चे भी अपने माता-पिता की स्वास्थ्य जरूरतों से बेहतर तरीके से जुड़े रह सकें। कार्यक्रम के संस्थापक अभिषेक बेहरे एवं प्रिया बेहरे का कहना है कि 'स्वास्थ्य केवल बीमारी के समय इलाज कराने का विषय नहीं है। सही समय पर सही सलाह, सही जानकारी और परिवार का सहयोग भी स्वास्थ्य देखभाल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। 'घर आरोग्यम कार्यक्रम' इसी सोच के साथ शुरू किया गया है- ताकि सही सलाह और मार्गदर्शन हर घर तक पहुँच सके।'

## जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन के सदस्यों ने की महाआरती

**नवभारत, जबलपुर।** गणेशोत्सव की पावन बेला में संस्कारधानी के महाराजा, मालवीय चौक जबलपुर में जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा महाआरती का दिव्य आयोजन कर सभी देशवासियों की सुख शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी से प्रार्थना की गई कि सभी देशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, ज्ञान और सद्बुद्धि प्रदान करें। विदित हो कि जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन सदैव 'सेवा परमो धर्मः' के भाव से समाजहित के कार्यों में सक्रिय




रही है। आयोजन में पी एल शर्मा, शरद नेमा, चरन जीत सिंघ अरोरा अध्यक्ष, राजेंद्र वर्मा सचिव, तेजिंदर सिंह, संतोष चौरसिया, प्रतिमा चौरसिया, संदीप गौर, मुकेश नेमा एवं बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## वरिष्ठ सामाजिक नागरिकों का किया गया सम्मान

**संत रविदास सामाजिक समरसता संदेश कार्यक्रम आयोजित**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर सिंधी कैम्प भानतलैया में संत रविदास सामाजिक समरसता संदेश कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें गुरुवाणी, भजन, भंडारा व सभी सामाजिक वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम अशोक रोहितास द्वारा आयोजित किया गया। उनके अनुसार रविदास एवं अन्य सामाजिक जागरण व सामाजिक एकता को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी



समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीएस ठाकुर, रजनीश यादव, योगेश लोखंडे, विजय प्रजापति, भूरा पहलवान, प्रदीप चौरसिया, शिवा चौधरी, विकास खरे, अभय श्रीवास्तव, दीपक चौधरी, राहुल चौधरी, अशोक रोहिताश सहित पं. रामदयाल शास्त्री, कालीनंद महाराज, पं. गोपीनाथ चौधरी, लीलाधर शास्त्री उपस्थित रहे।

## फलों से हुआ सहस्त्रार्चन, पीताम्बर वस्त्रों में विराजे भगवान श्रीगणेश

**प्रसिद्ध रजत गणेश मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु**

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित ललपुर मार्ग पर विराजमान प्रसिद्ध रजत गणेश मंदिर में इन दिनों अद्भुत भक्तिमय वातावरण निर्मित है। मंदिर में स्थापित 41 किलोग्राम शुद्ध चाँदी से निर्मित श्री गणेश प्रतिमा के दर्शन एवं मन्नत हेतु दूर-दूर से श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। शास्त्रों एवं मत्स्य पुराण के पावन विधानों के अनुसार, रजत निर्मित श्री गणेश विग्रह में भगवान साक्षात अपनी



संपूर्ण कलाओं के साथ निवास करते हैं, जिससे यहाँ आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मंगलवार के विशेष आयोजन के अंतर्गत भगवान श्री गणेश जी का पीत (पीले) वस्त्रों, सुंदर पुष्पमालाओं एवं दिव्य आभूषणों से अत्यंत नयनाभिराम व भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद सैनिक सोसायटी निवासी प्रकाश कुशवाहा, रानू कुशवाह, प्रियांश, मोहित, अंशुल एवं साक्षी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सेब फल (सेब) से विशेष 'सहस्त्रार्चन' संपन्न किया गया। इस दिव्य अनुष्ठान से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्ति एवं वैदिक ध्वनियों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर के संयोजक डॉ. रवि राय ने बताया कि चाँदी से निर्मित विग्रह का अर्चन व दर्शन करने से साधकों के सभी कष्ट, दुख एवं दरिद्रता का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस पावन अवसर पर सरिता चौकसे, ओमप्रकाश चौकसे, सुभद्रा गोस्वामी, संध्या चौकसे, लवली जैसवाल, उषा गुप्ता, गौरव मिश्रा कमलेश भलावी, शैली दुबे, महक सूरी, मंजू भसीन, विनीता वर्मा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

**गणेशोत्सव** | क्षत्रिय मराठा समाज ने वरिष्ठजनों का किया सम्मान

## बच्चों में बचपन से ही सनातन धर्म का बीजारोपण अनिवार्य : महापौर



**नवभारत, जबलपुर।** श्रीगणेश भगवान रिद्धि सिद्धि के साथ सभी भक्तों को सद्बुद्धि देते हैं, जिससे समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण भाव मन में जागृत होता है। मराठी संस्कृति में व्यवस्थित दिनचर्या और संस्कारों के साथ रहना सीखनें मिलता है। व्यवस्थित दिनचर्या से जीवन सुखमय होता है। वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से समाजसेवा, देशप्रेम और संस्कारों के साथ जुड़ाव होता है । बच्चों में बचपन से ही सनातन धर्म भारतीय संस्कृति का बीजारोपण अनिवार्य है । उक्त उद्गार महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने गणेशोत्सव क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान विजय नगर में आयोजित प्रथमेश वंदना वरिष्ठ जन सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

गणेश उत्सव में वरिष्ठ जन कलावती सोनोने, सावित्रीबाई ढवले, शिवराम सवडे (बम्हनी), अरुण कुमार सालुंके, विजय काकडे , विजय डुचे , मेघा भोसले, भास्कर राव काकडे , मधुसूदन वाघ , लक्ष्मण राव हाके का शॉल श्रीफल पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

### 50 बच्चियों ने दी मनोहारी कथक नृत्य की प्रस्तुति

प्रथमेश वंदना में नृत्यांजलि कथक पीठ की डॉ शैली धोपे के निर्देशन में 50 नृत्यांगनाओं बच्चियों ने गणपति अथर्वशीर्ष, गणपति महामंत्र, आरती और गानों में श्रृंगारित कथक नृत्य की संगीतमय मनोहारी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पार्षद एम आई सी सदस्य अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद प्रतिभा विध्येश भापकर, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, नलिन कांत बाजपेई, प्रवीण सालुंके, तरूण सोनोने, दिलीप झिंगे, सुनील दत्त सोनोने, सुशील जाधव संतोष सोनोने, विजय डुचे, शिवाजी राव ढवले, अनिरुद्ध जाधव, उमेश भाऊ, विवेक भोंसले, सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के सामाजिक जन उपस्थित रहे।





## नयागांव को-ऑपरेटिव सोसाइटी में वार्षिक आमसभा का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** नयागांव को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि. जबलपुर में संस्था कार्यालय परिसर में वार्षिक आम-सभा का आयोजन अध्यक्ष रजत भार्गव की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सोसाइटी के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रजत भार्गव ने पूर्व में कराए विकास कार्य की विस्तार से जानकारी एवं आगामी वर्ष में कराए जाने वाले विकास कार्यों के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर बैठक में कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा कर निर्णय भी लिए गए एवं समिति के सदस्यों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

### प्रस्तावों पर किया गया अनुमोदन

विषय वस्तु जैसे बजट वर्ष 2025-26 एवं 2026-27, आडिट वर्ष 2025-26, सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव आदि विषयों पर चर्चा कर सभी सदस्यों द्वारा प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के वरिष्ट सदस्य अजय विश्नोई एवं संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, माधवी महेश्वरी एवं अन्य संचालक मंडल के सदस्य मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में नयागांव सोसाइटी के अध्यक्ष रजत भार्गव के द्वारा समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया ।